## कक्षा-छठी, वार्षिक परीक्षा, विषय-हिन्दी (द्वितीय भाषा) 2023-24

**कुल समय: 3 घंटे** **कुल अंक : 80**

**नोट:** **(i) उत्तर- पुस्तिका लेते ही इसके पहले पृष्ठ पर अपना अपना नाम, रोल नं. आदि ज़रूर लिखें।**

**(ii) उत्तर- पुस्तिका में प्रश्न पत्र में दिए गए कर्म अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर दें।**

**(iii) उत्तर- पुस्तिका में आवश्कतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।**

**(iv) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दीजिए ।**

**(v) 5 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित हैं ।**

**(vi) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

**(भाग-क)**

**प्रश्न -1 (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:-** **(8x1=8)**

(i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'मेघ' का पर्यायवाची शब्द है?

(क) जल (ख) बादल (ग) जंगल (घ) वर्षा

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?:-

(क) नयन (ख) नेत्र (ग) लोचन (घ) पाँव

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो -

(क) अध्यापक (ख) अधयापक (ग) अधायपक (घ) अधयापाक

(iv) शब्द 'अनदाता' का शुद्ध रूप क्या होगा?

(क) अन्यदाता (ख) अनन्यदाता (ग) अन्नदाता (घ) अन्नादाता

(v) निम्नलिखित शब्दों में से 'संज्ञा' शब्द का चुनाव करें:-

(क) राहुल (ख) मेहनत (ग) करने (घ) ठान ली

(vi) निम्नलिखित शब्दों में से 'सर्वनाम' शब्द की पहचान करें :-

(क) बाहर (ख) वह (ग) बैठ (घ) गया

(vii) निम्नलिखित शब्दों में से 'विशेषण' शब्द की पहचान करें :-

(क) गाँव है (ख) रास्तापाल (ग) छोटा (घ) राजस्थान में

(viii) 'ठग ने झगड़ा किया' वाक्य में ठग में कौन सा कारक है?

(क) कर्ता कारक (ख) कर्म कारक (ग) करण कारक (घ) सम्प्रदान कारक

**(II) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:** **(4x1=4)**

(i) 'इन्द्रधनुष' कविता में बादलों का रंग कैसा बताया गया है?

(क) काला (ख) सफेद (ग) सतरंगा (घ) सुंदर

(i) सूरज किस दिशा से निकलता है?

(क) पूरब (ख) पश्चिम (ग) उत्तर (घ) दक्षिण

(ii) चिड़िया का घोंसला किस चीज़ से बना था?

(क) तिनकों से (ख) शाखाओं से (ग) अंडे से (घ) आसमान से

(iii) चींटी से हम क्या सीख सकते हैं?

(क) ऊपर चढ़ना (ख) मेहनत करना (ग) नीचे गिरना (घ) चलना

**(III) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:** **(3x1=3)**

(i) 'राजा' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) नरेश (ख) आदमी (ग) किसान (घ) नाहन

(ii) 'माता' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) माँ (ख) औरत (ग) स्त्री (घ) पत्नी

(iii) 'समुद्र' का क्या अर्थ है?

(क) सागर (ख) पानी (ग) तालाब (घ) झील

**(IV) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **(5x1=5)**

चींटी कितनी निर्भय है। अपने श्रम में तन्मय है॥
छोटी उसकी काया है। यह भी प्रभु की माया है॥

प्रश्न 1- चींटी बिना किसी डर के आगे बढ़ती रहती है। (सही/ग़लत)

प्रश्न 2- चींटी मेहनत नहीं करती है। (सही/ग़लत)

प्रश्न 3- कविता के अनुसार 'श्रम' शब्द का अर्थ 'लगन' है। (सही/ग़लत)

प्रश्न 4- कविता के अनुसार 'प्रभु' शब्द का अर्थ 'भगवान' है। (सही/ग़लत)

प्रश्न 5-इस पद्यांश से पता चलता है की चींटी की मेहनती होती है। (सही/ग़लत)

**(V) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:** **(5x1=5)**

1- 'माता' शब्द का लिंग बदलो क्या होगा। (पिता अथवा पति)

2- 'दुकान' शब्द का बहुवचन शब्द होगा। (दुकानें अथवा दुकानां)

3- 'अगला' शब्द का विपरीतार्थक शब्द होगा। (अगले अथवा पिछला)

4- 'मित्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी। (मित्रता अथवा मित्रो)

5- 'घोड़े पर सवार' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द होगा। (घुड़सवार अथवा घोड़ेवाला)

**(VI) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:** **(5x1=5)**

1- 'अदरक' शब्द में 'अ' अक्षर स्वर है। (सही या ग़लत)

2- 'झूला' शब्द में 'ऊ' की मात्रा का प्रयोग हुआ है। (सही या गलत)

3- 'प्रधान + मंत्री' से नया शब्द 'प्रधानमंत्री' बनता है। (सही या गलत)

4- 'सूर्य' शब्द में आधे 'र' का प्रयोग हुआ है- (सही या गलत)

5- 'कर्म' शब्द में आधे 'र' का प्रयोग हुआ है- (सही या गलत)

**(भाग-ख)**

**प्रश्न -2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें। (8x1=8)**

(1) 'सबसे बड़ा धन' पाठ में राहुल कैसा आदमी था?

(2) 'जय जवान, जय किसान' पाठ के आधार पर बताए के 'जय जवान, जय किसान' का नारा किसने दिया?

(3) 'ईमानदार शंकर' पाठ के आधार पर बताएं की शंकर को दुकान के आगे से क्या मिला?

(4) 'मैं और मेरी सवारी' पाठ के आधार पर बताइए कि दो पहिए वाली सवारी को क्या कहते हैं?

(5) गोपू कैसे गुज़ारा करता था? 'प्रायश्चित' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(6) प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी थे? 'रोमांचक कबड्डी मुकाबला' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(7) राजा की परीक्षा किस ने लेनी चाही ? 'दूध का दूध पानी का पानी' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(8) 'रेणुका झील' पाठ के आधार पर बताए कि तालाबों का शहर किसे कहा जाता है?

(8) नगर कीर्तन किन की अगुवाई में होता है? 'गुरुपर्व' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(9) दुकानदार ने दुकान के बाहर बोर्ड पर क्या लिखा था? 'पिल्ले बिकाऊ हैं' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(10) आलू ने अपने किस रूप को पूर्ण आहार कहा? 'रसोई का ताज: सब्ज़ियाँ' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

**प्रश्न -3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें। (4x3=12)**

1. साइकिल चलने के लाभ बताओ? 'मैं और मेरी' सवारी पाठ के आधार पर लिखिए।
2. कुमारी कालीबाई देश के लिए कैसे शहीद हुई? 'कुमारी कालीबाई' पाठ के आधार पर लिखिए।
3. आलू ने अपने आपको सब्जियों का राजा क्यों कहा है? 'रसोई का ताज: सब्जियाँ' सब्जियां पाठ के आधार पर लिखिए।
4. समाचार पत्र ज्ञान का भंडार है। कैसे? 'ज्ञान का भंडार समाचार पत्र' पाठ के आधार पर लिखिए।
5. 'गुरु का लंगर' के अटूट वितरण से आप क्या समझते हैं? 'गुरुपर्व' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।

**(भाग-ग)**

**प्रश्न -4 (i) निम्नलिखित पंजाबी शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें। (5x1=5)**

ਲਕੜੀਆਂ, ਜੁਰਮਾਨਾ, ਘੰਟੀ, ਸਕੂਲ, ਸ਼ਹਿਰ, ਸੜਕ, ਘੋੜਾ, ਪੁਲਿਸ, ਗਤਕਾ, ਬੱਚਾ

**(भाग-घ)**

**प्रश्न- 5 निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं पाँच मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें। (5x1=5)**

दिमाग दौड़ाना, पसीना बहाना, चेहरा खिल उठना, नौ दो ग्यारह होना, फूले नहीं समाना, रफूचक्कर होना

**(भाग-ङ)**

**प्रश्न -6 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर प्रार्थना-पत्र लिखें। (7)**

ज़रूरी काम के कारण अवकाश लेने के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखें।

अथवा

जुर्मना माफ़ी के लिए स्कूल के मुख्य अध्यापिका को प्रार्थना-पत्र लिखें।

**प्रश्न-7 (i) किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं की सहायता से निबंध लिखिए। (8)**

**श्री गुरु नानक देव जी (निबंध)**

पहले गुरु, उनका जन्म, माता पिता का नाम, बड़ी बहन का नाम, पत्नी का नाम, पुत्रों के नाम, गुरु जी का साथी, चारों दिहओं की यात्रा, अंधविश्वास का खंडन, सही मार्ग दिखाया, उपदेश, ज्योति जोत समाना

अथवा

**मेरा स्कूल (निबंध)**

स्कूल का नाम, अध्यापकों की संख्या, मुख्य अध्यापक का दफ़्तर, कमरों की गिनती, खुले-हवादार, हाल कमरा, लाइब्रेरी तथा कंप्यूटर लैब, खेल का मैदान, खेल का सामान, बगीचा, पेड़-पौधे, स्कूल का सालाना नतीजा

अथवा

**लालची कुत्ता (कहानी)**

एक कुत्ता था...भोजन की तलाश...माँस का टुकड़ा मिला...वह टुकड़े को मुँह में...उसे अपनी परछाईं नदी में....उसने सोचा यह टुकड़ा......अब वह बहुत पछताने लगा।

शिक्षा:-......बुरी बला है।

**प्रश्न - 8. सुंदर लिखाई (5)**